न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, सुमेरपुर, जिला पाली (राजस्थान)
राजस्व लोक अदालत केम्प बामनेरा, तहसील सुमेरपुर

पीठासीन अधिकारीः– श्री विनोद कुमार मल्होत्रा आर.ए.एस.

राजस्व वि. सं.– 23 / 2016
दायर तिथि– 28.04.2016
तारीख फैसला– 11.06.2018

प्रार्थीगणः–
1–पन्नालाल पुत्र छोगालालजी
2–श्रीमती भाग्यवती धर्मपत्नी मदनलालजी
3–मीठालाल पुत्र पारेश्वरजी
जातिगण ब्राहम्ण निवासीगण बामनेरा तहसील सुमेरपुर जिला पाली(राज.)।

ब ना म

अप्रार्थीगणः–
1–राजस्थान सरकार जरिए भूमिधारी तहसीलदार सुमेरपुर जिला पाली(राज.)।

वादपत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

–:निर्णयः–

वाद पत्रावली के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैः–

(1) प्रार्थीगण द्वारा यह वादपत्र सरहद मौजा बामनेरा पटवार क्षैत्र बामनेरा तहसील सुमेरपुर में स्थित कृषि भूमि गत खसरा नं. 122, 123, 124 कुल रकबा 24।)4 बीघा आई हुई स्थित है। जिसे सेटलमेंट के बाद हाल खसरा नं. 117, 116, 118, 129, 136 कुल रकबा 3.7500 हैक्टर बने हैं। जिस पर कब्जा काश्त शांतिपूर्ण चला आ रहा है।

(2) हाल खसरा नं. 117, 116, 118, 129, 136 कुल रकबा 3.7500 हैक्टर राजस्व रेकर्ड जमाबंदी में होना भू–प्रबन्ध विभाग के द्वारा दर्शाया गया है। लेकिन भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा राजस्व रेकर्ड मिसल बन्दोबस्त बनाते समय रकबा 3.912 हैक्टर दर्शाना चाहिए था। इस प्रकार भू प्रबन्ध विभाग में प्रार्थीगण का 0.162 हैक्टर रकबा राजस्व रेकर्ड में कम दर्ज किया गया ।

पत्रावली पर उपलब्ध तमाम रेकर्ड इत्यादि का सावधानी पूर्वक अवलोकन व परीक्षण किया। हाल खसरा नं. 117, 116, 118, 129, 136 कुल रकबा 3.7500 हैक्टर को रकबा 3.912 हैक्टर आंशिक शुद्धिकरण किया जाना संभव नहीं है क्योंकि वादपत्र में यह दर्शित नहीं किया गया कि किस खसरे में रकबा कम या ज्यादा अंकित हुआ है। प्रार्थी को किस खसरे में से जमीन कम कर प्रार्थी के नाम दर्ज की जानी है व वादपत्र में अंकित नहीं होने से प्रार्थी का इस आशय का वादपत्र खारिज किया जाता है एवं वाद में प्रार्थी सं एक का नाम पनालाल की जगह पन्नालाल किया जाता है। एवं प्रार्थी सं दो मांगीबाई के स्थान पर भाग्यवती दर्ज करने के आदेश पटवारी हल्का बामनेरा एवं तहसीलदार को दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय आज दिनांक **11.06.2018** को राजस्व लोक अदालत बामनेरा में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
सुमेरपुर (पाली)

Scanned by CamScanner